इतना बता दे मुझको बाबा

इतना बता दे मुझको बाबा,
ये कैसा नाता है,
क्यों मुझपे तू इतना अपना,
प्रेम लुटाता है,
इतना बता दे.......।

होती है तकलीफ कभी,
जो आँखें रोती हैं,
बहते आंसू पौंछ के मेरे,
हंसना सिखाता है,
क्यों मुझपे तू इतना अपना,
प्रेम लुटाता है,
इतना बता दे....।

दुनिया की ठोकर से मुझको,
गिरने दिया ना कभी,
थाम के बाँहें मेरे मुझको,
चलना सिखाता है,
क्यों मुझपे तू इतना अपना,
प्रेम लुटाता है,
इतना बता दे....।

क्यों ना इतराऊं मैं कुंदन,
किस्मत पे अपनी,
खाटू वाला मेरा मालिक,
मेरा दाता है,
क्यों मुझपे तू इतना अपना,
प्रेम लुटाता है,
इतना बता दे मुझको बाबा,
ये कैसा नाता है,
क्यों मुझपे तू इतना अपना,
प्रेम लुटाता है,
इतना बता दे.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24362/title/itna-bata-de-mujhko-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |